Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to construct Railway Over Bridge (ROB) at various locations in Birbhum Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्रीमती शताब्दी राय (बनर्जी) (बीरभूम): माननीय अध्यक्ष जी, मेरी कांस्टीटूएंसी बीरभूम में आरओबी के लिए बहुत बार प्रपोजल दिए गए हैं। सेंथिया में आरओबी नहीं बना, नैहाटी में अभी तक शुरू नहीं हुआ, शिवड़ी में शुरू तो हुआ, लेकिन इतने साल से पैंडिंग है। पता नहीं क्या काम हो रहा है? आपको पता है कि आरओबी बनाने में रास्ता जाम होता है, ट्रैफिक जाम होता है। इतना स्लो काम हो रहा है। यह कब खत्म होगा? मेरा कहना है कि डीआरएम को कुछ पावर दे दें ताकि क्रासिंग आदि छोटा काम करा सकें। इतनी बार प्रपोजल देने के बाद इतने सालों में रेल मंत्रालय काम नहीं कर रहा है। एमपीलैड से कुछ होता नहीं है, फंड इतना कम है।

अगर रेल मिनिस्ट्री से काम नहीं होगा, हम एमपी कैसे काम करेंगे? हम किसके पास जाएं? आप बताइए।

माननीय अध्यक्ष: सदन में आप आए हैं।

… (व्यवधान)